<u>महत्वपूर्ण सूचना</u>

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

श्री साईं तारा कॉम्पलेक्स, आई0ए0एस0 कॉलनी,
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना 801 503
(वेबसाईट-**www.csbc.bih.nic.in**)

<u>विज्ञापन संख्या-03/2015</u>

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, गृह विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत कक्षपाल के रिक्त पदों (2649) पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या-03/2015, दिनांक-31.07.2015 (शुक्रवार) को राज्य के प्रमुख समाचार-पत्रों में प्रकाशित किया गया था । उक्त विज्ञापन पर्षद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है ।

इसी क्रम में कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, गृह विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक-4539, दिनांक-04.08.2015 द्वारा सूचित किया गया है कि पूर्व में बिहार कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से बिहार राज्य के प्रशिक्षित गृहरक्षकों एवं भूतपूर्व सैनिकों का चयन कर लिए जाने के उपरान्त विज्ञापित (2649) रिक्तियों में अब उक्त श्रेणी के आवेदकों के लिए कोटिवार शेष अधिकतम रिक्तियाँ निम्नांकित हैं :

क्रमांक	कोटि/श्रेणी/जाति/वर्ग	गृह रक्षक	भूतपूर्व सैनिक
1.	अनुसूचित जाति	24	159
2.	अनुसूचित जनजाति	7	12
3.	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग	0	157
4.	पिछड़ा वर्ग	21	52
5.	पिछड़े वर्गों की महिलाएँ (3%)	10	29
6.	अनारक्षित (सामान्य)	42	42
कुल योग		104	451

कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, गृह विभाग, बिहार सरकार के उक्त पत्र में यह भी उद्धृत किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा रिट याचिका (CWJC) संख्या 2605/1992 (प्रेम सागर शाही एवं अन्य बनाम बिहार सरकार एवं अन्य) में पारित न्यायादेश में कक्षपाल के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया में याचिकाकर्त्ताओं को आवेदन का एक अवसर उम्र सीमा की क्षांति के साथ प्रदान किया जाना है । तदनुसार उक्त न्यायादेश से आच्छादित इच्छुक याचिकाकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-03/2015 में आवेदन करने हेतु दिनांक-20.08.2015 (गुरुवार) से 24.09.2015 (गुरुवार) के संध्या 05:00 बजे तक पर्षद कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं ।

विज्ञापन संख्या-03/2015 को इस हद तक संशोधित समझा जाए ।

इस सूचना को विज्ञापन संख्या-03/2015 का अंश माना जायेगा । यह सूचना पर्षद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है ।

अध्यक्ष
केन्द्रीय चयन पर्षद,
बिहार, पटना ।